## न्यूज कार्नर

### म्यूजिक जोन की महान गायकों को स्वरांजलि

**जागरण, नर्मदापुरम।** म्यूजिक जोन द्वारा महान गायकों को स्वरांजलि हेतु एक संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पीयूष शर्मा अध्यक्ष मप्र तैराकी संघ एवं भूपेंद्र चौकसे अध्यक्ष जनपद पंचायत और गिरीश दीक्षित, रिटायर्ड डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज एवं म्यूजिक जोन के संरक्षक गिरजाशंकर शर्मा पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ समाज सेवी राकेश फौजदार के साथ राम परसाई ने मां सरस्वती की मूर्ति को माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जलन के साथ किया। इस अवसर पर पूर्व जिपं अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा की उपस्थिति रहे। स्वर सम्राट मुकेश जी को सईद कुरैशी द्वारा, किशोर कुमार जी को किशोर की आवाज़ कहे जाने वाले म्यूज़िक ज़ोन के संस्थापक असीम विश्वास द्वारा एवं मोहम्मद रफ़ी जी को रफ़ी की आवाज़ कहे जाने वाले मोहम्मद इमरान द्वारा स्वरांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पीयूष शर्मा एवं भूपेन्द्र चौकसे, गिरिश दीक्षित, लोकेश तिवारी का सम्मान शॉल, श्रीफल एवं मोमेंटो द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में नर्मदा शिक्षा समिति के डायरेक्टर अरुण शर्मा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन सईद कुरैशी एवं डॉ. दिनेश श्रीवास्तव ने किया एवं म्यूज़िक ज़ोन के वैभव शुक्ला द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### सुपरवाइजर कृष्णा तिवारी हुई सेवानिवृत्त

**जागरण, माखन नगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाली श्रीमती कृष्णा तिवारी, सुपरवाइजर, आज अपने सेवाकाल की सफल पूर्णता के बाद सेवानिवृत्त हुईं। श्रीमती तिवारी ने अपने कार्यकाल के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन, विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सरल व्यवहार, कर्तव्यनिष्ठा और सहयोगात्मक कार्यशैली की सहकर्मियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सराहना की। सेवानिवृत्ति के अवसर पर विभागीय अधिकारियों, पर्यवेक्षकों कृष्णा तिवारी को पुष्पगुच्छ एवं शुभकामनाएं देकर भावभीनी विदाई दी गई। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखी एवं मंगलमय भविष्य की कामना की।

### घरेलू हिंसा पीड़ित को मिला हुनर का सहारा

**जागरण, नर्मदापुरम।** महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर द्वारा घरेलू हिंसा से पीड़ित एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शा. संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान माखन नगर में फैशन डिजाइनिंग, कोपा और स्टेनोग्राफी जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया गया है, ताकि वे प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार स्थापित कर सकें। प्रवेश के उपरांत संयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी ने चयनित अभ्यर्थियों को संबोधित किया।

### खाद्यान्न वितरण बढ़ाया जाए, अपेक्षाकृत कम वितरण पर संबंधितों के विरुद्ध की जाए कार्यवाही

# जन विश्वास अभियान के तहत चिन्हित शिकायतों का हो निराकरण : कलेक्टर




**जागरण, नर्मदापुरम।** सोमवार को आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत प्राप्त एवं लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनविश्वास अभियान के तहत प्राप्त शिकायतों का निराकरण नहीं करने वाले संबंधित विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी किए जाएं।

कलेक्टर ने सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित होने वाले जनविश्वास अभियान के शिविर की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने शिविर के लिए चिन्हित शिकायतों के निराकरण के संबंध में एसडीएम पिपरिया को निर्देशित किया कि शिविर आयोजित होने से पूर्व शत-प्रतिशत शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिविर में आने वाले नागरिकों को उनकी समस्याओं का समाधान मिल सके। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग के अंतर्गत आने वाले संस्थानों का आवश्यक रूप से निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल कार्यालयीन कार्यों तक सीमित न रहें, बल्कि अभियान अंतर्गत विभागीय संस्थानों की व्यवस्थाओं का मैदानी स्तर पर निरीक्षण कर उनकी स्थिति का जायजा लें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि संस्थानों के निरीक्षण के बाद तैयार की गई निरीक्षण रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए।

इस दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सीएम हेल्पलाइन पर नॉन अटेंडेड शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को समय पर अटेंड नहीं करने वाले संबंधित विभाग के अधिकारियों को एससीएन (कारण बताओ नोटिस) जारी किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

नागरिकों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों का समय-सीमा में परीक्षण कर संतुष्टिपूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग की 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की भी विशेष रूप से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने दोनों विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्यवाही करते हुए उनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने विभाग से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की नियमित रूप से समीक्षा करें तथा लंबित शिकायतों के निराकरण की व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग करें।

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जिले में खाद्यान्न वितरण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन सेल्समेन अथवा समितियों द्वारा 94 प्रतिशत से कम खाद्यान्न का वितरण किया गया है, उन्हें नोटिस जारी किए जाएं। साथ ही संबंधित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आगामी दो दिवस में खाद्यान्न वितरण की प्रगति की पुनः समीक्षा की जाएगी। यदि इस अवधि में संबंधित सेल्समेन अथवा समिति स्तर पर वितरण की प्रगति 94 प्रतिशत से कम पाई जाती है, तो संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई के प्रस्ताव तैयार किए जाएं।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले में खाद एवं उर्वरक वितरण की भी समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ऑनलाइन पोर्टल पर कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर संबंधित अधिकारी तत्काल प्रदेश स्तर के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समस्या का समाधान कराएं। उन्होंने कहा कि तकनीकी समस्या के कारण कार्य प्रभावित न हो तथा समस्या के समाधान में अनावश्यक विलंब नहीं किया जाए। कलेक्टर ने समिति स्तर पर खाद एवं उर्वरक वितरण की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समितिवार प्रत्येक सप्ताह खाद के उठाव की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए।

मूंग उपार्जन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए की किसानों को उपार्जित मूंग का शत प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किया जाए। आगामी 1 सप्ताह में समस्त ईपीओ बैंक स्तर पर प्रेषित किए जाएं जिससे किसानों को शीघ्र ही उनकी उपज का भुगतान प्रदान किया जा सके। इसी के साथ कलेक्टर ने यह निर्देश भी दिए कि जिला स्तर पर उपार्जन सेल का गठन किया जाए जिसमें उपार्जन से संबंधित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मिलित किया जाए जो उपार्जन के समय उपार्जन प्रक्रिया पर बारीकी से निगरानी करें।

कलेक्टर ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत द्वितीय प्रकाशन होने के लिए लंबित मामलों में शीघ्र कार्रवाई करते हुए जिला स्तर पर रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि समय सीमा में द्वितीय प्रशासन न होने की स्थिति में संबंधित तहसीलदार एवं पटवारी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी के साथ कलेक्टर ने समस्त एसडीएम को निर्देशित किया कि प्रत्येक सप्ताह एसडीएलसी की बैठक कर वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत सामुदायिक वन अधिकार मामले का निदान सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर राजेश शुक्ला सहित अन्य जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## परम्परा से प्रतिभा समारोह में हुआ नारोलिया का नागरिक अभिनंदन




**जागरण, नर्मदापुरम।** समाज, संस्कृति, कला एवं मानवता के संवर्धन में अप्रतिम योगदान के लिए मप्र से राज्यसभा सांसद माया नारोलिया को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं पावन जयंती के उपलक्ष्य में हिन्दुस्थान आर्ट एंड म्यूजिक सोसाइटी द्वारा लोधी रोड स्थित गोदावरी ऑडिटोरियम (आंध्रा एसोसिएशन) में भव्य परम्परा से प्रतिभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस राष्ट्रीय समागम में कला, संस्कृति, शिक्षा और समाजसेवा से जुड़े देश भर के विशिष्ट गणमान्यजन उपस्थित रहे। समारोह के दौरान समाज और मानवता के उत्थान, सामाजिक सरोकारों के प्रति सतत निष्ठा तथा राष्ट्र सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सांसद माया नारोलिया को शॉल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर गरिमामय अलंकरण से विभूषित किया गया। सम्मान प्राप्ति के उपरांत अपने संबोधन में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के पावन अवसर पर कला, संस्कृति और राष्ट्र-समर्पण को समर्पित इस मंच पर सम्मानित होना उनके लिए अत्यंत गर्व, विनम्रता और आत्मिक संतोष का क्षण है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान वस्तुतः उनके प्रति जनता-जनार्दन के अटूट विश्वास, अगाध स्नेह और आशीर्वाद का प्रतिफल है। सांसद नारोलिया ने आगे कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और अधिक ऊर्जा, संवेदनशीलता एवं निष्ठा के साथ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करने तथा भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आगे बढ़ाने की नई प्रेरणा प्रदान करेगा। उन्होंने आयोजन हेतु हिन्दुस्थान आर्ट एंड म्यूजिक सोसाइटी के पदाधिकारियों, उपस्थित प्रबुद्धजनों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

## सहायक राजस्व निरीक्षक योगेश परसाई और कर्मचारी कैलाश संतोरे सेवानिवृत्त




**जागरण, नर्मदापुरम।** सोमवार को नगरपालिका में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर सेवाएं देने वाले योगेश परसाई एवं कर्मचारी कैलाश संतोरे के सेवानिवृत्ति अवसर पर सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धर्माचार्य सोमेश परसाई, आचार्य नरेश प्रसाद परसाई, नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, सीएमओ वैभव देशमुख, अधीक्षक योगेश सोनी सहित नपा के अधिकारी-कर्मचारी, पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनंत सिंह राजपूत, मूर्ति सिंह राजपूत, पूर्व पार्षद अजय सेनी, राजेंद्र उपाध्याय, रेखा यादव, सुनील अवस्थी, दाताराम सगर, शैलेंद्र साहू सहित अन्य उपस्थितजनों ने सेवानिवृत्त हो रहे दोनों कर्मचारियों को शाल-श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके दीर्घ सेवाकाल के लिए आभार व्यक्त किया।

अतिथिगणों द्वारा कहा गया कि योगेश परसाई एवं कैलाश संतारे ने अपने सेवाकाल में नगरपालिका के कार्यों एवं नागरिकों की सेवा के प्रति पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनके अनुभव एवं सेवाभाव को सदैव स्मरण किया जाएगा। इस अवसर पर योगेश परसाई के परिजन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार वार्ड 06 के पार्षद राजेंद्र उपाध्याय द्वारा व्यक्त किया गया।

## आईबीडीए 2026 में ट्राइडेंट ग्रुप ने पांचवीं बार जीता 'बेस्ट इन-हाउस स्टूडियो' अवॉर्ड




**जागरण, नर्मदापुरम।** होम टेक्सटाइल, पेपर, केमिकल और एनर्जी के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक निर्माता और निर्यातक, ट्राइडेंट ग्रुप को एक बार फिर अपने डिज़ाइन एक्सीलेंस के लिए पहचान मिली है। पुणे के द वेस्टिन में 29 अगस्त को आयोजित इंडियास बेस्ट डिजाइन अवॉर्ड्स (आईबीडीए) 2026 के 11वें संस्करण में ट्राइडेंट ग्रुप को प्रतिष्ठित 'बेस्ट इन-हाउस स्टूडियो' के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ट्राइडेंट को रिकॉर्ड पांचवीं बार मिला है, जो डिजाइन इनोवेशन और रचनात्मकता के क्षेत्र में कंपनी की मजबूत पहचान को दर्शाता है।

यह पुरस्कार 11वें डिजाइन इंडिया शो के दौरान प्रदान किया गया। डिजाइन, रचनात्मकता और नवाचार के क्षेत्र में देश के प्रमुख मंचों में शामिल इस आयोजन में ट्राइडेंट ग्रुप की डिजाइन क्षमता और रचनात्मक उत्कृष्टता को मान्यता दी गई। यह सम्मान ऐसे उत्पाद और अनुभव विकसित करने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिनमें आकर्षक डिजाइन, उपयोगिता, सस्टेनेबिलिटी और उपभोक्ताओं की जरूरतों का समावेश हो।

ट्राइडेंट की इस उपलब्धि में उसके इन-हाउस डिजाइन स्टूडियो की अहम भूमिका है। स्टूडियो में एनआईडी, एनआईएफटी और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय डिजाइन संस्थानों से जुड़े 40 से अधिक डिजाइनर कार्यरत हैं। अलग-अलग संस्कृतियों, विचारों और विशेषज्ञताओं के अनुभव के साथ यह स्टूडियो ग्लोबल ट्रेंड, इंटेलिजेंस, कंज्यूमर इनसाइट्स, सस्टेनेबिलिटी प्रिंसिपल्स और स्टोरीटेलिंग को मिलाकर प्रोडक्ट डिज़ाइन, कम्युनिकेशन और ब्रांडिंग में अलग-अलग तरह के प्रोडक्ट और एक्सपीरियंस तैयार करता है।

दुनिया के सबसे बड़े टेरी टॉवल निर्माताओं में से एक ट्राइडेंट ग्रुप होम टेक्सटाइल और पेपर उत्पादों का भी एक प्रमुख वैश्विक आपूर्तिकर्ता है। कंपनी इन्नोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और उत्कृष्ट डिजाइन को एकीकृत करते हुए उद्योग में नए मानक स्थापित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। आईबीडीए 2026 का यह सम्मान ट्राइडेंट की उस सोच को और मजबूत करता है, जिसके तहत दुनिया भर के उपभोक्ताओं की जरूरतों और पसंद के अनुरूप उपयोगी, टिकाऊ और आकर्षक उत्पाद तैयार किए जा सकें।

## संतोष यादव नेशनल रेफरीशिप हेतु चयनित



**जागरण, पचमढ़ी।** सांदीपनी विद्यालय पचमढ़ी के खेल शिक्षक संतोष यादव का चयन राष्ट्रीय आईबीएफएफ फुटसल चैंपियनशिप में ऑफिशियल (रेफरी) के रूप में हुआ है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 28 अगस्त से 31 अगस्त तक ग्वालियर के अटल बिहारी वाजपेयी खेल इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपनी सेवाए देगे फाइनल मुकाबला उड़ीसा एवं केरलम के मध्य खेला जाएगा यह उपलब्धि पचमढ़ी एवं पूरे नर्मदापुरम जिले के लिए गौरव की बात है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार गणमान्य नागरिकों खिलाड़ियों एवं परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## एकल ग्राम उत्थान फाउंडेशन ने मनाया रक्षाबंधन

**जागरण, माखन नगर।** एकल ग्राम उत्थान फाउंडेशन डब्लयूईसी जीआरसी केंद्र महेंद्र वाडी द्वारा थाना माखन नगर में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया। डब्ल्यूईसी सिलाई ब्यूटी पार्लर और सब सेंटर परीक्षण प्राप्त कर रहे बहनों एवं ट्रेनर द्वारा स्थानीय थाना परिसर में महिला समिति एवं स्थानीय समिति सुरक्षा प्रदान कर रहे प्रशासनिक सुरक्षा कर्मियों के कलाई में रक्षा सूत्र बांध कर भाई बहन के अटूट प्रेम भाव को जाग्रत करने के कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल अध्यक्ष, सरला महेश्वरी, देवी सिंह राजपूत, महेश खंडेलवाल, अजीत सेठी एसआई आकाश पचाया, कमलेश ठाकुर, गोपाल, सुनील, दिलीप वाडिवा, केंद्रीय सह योजना प्रमुख नन्द किशोर, गुरूदेव करीयाम आदि मौजूद रहे।

# समेरिटंस इटारसी में खेल दिवस पर हुए कार्यक्रम



**जागरण, नर्मदापुरम।** समेरिटंस स्कूल इटारसी में खेल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धा सहित याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समेरिटंस के खेल प्रशिक्षक डॉ. सचिन खम्परिया एवं विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत दीक्षित ने कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की पूजाअर्चन, दीप प्रज्वलन एवं मेजर ध्यानचन्द के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ऐरोबिक्स, शारारिक व्यायाम आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ खम्परिया ने बताया कि गुरु खिलाड़ियों की कमजोरियों को दूर कर उन्हें उपलब्धियों में बदल देता है। साथ ही उन्होंने बताया की हर व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन कम से कम एक खेल अवश्य खेलना चाहिये। प्राचार्य श्री दीक्षित ने कहा कि खेल व्यक्ति के जीवन में संजीवनी का काम करते है साथ ही उन्होंने उपस्थित जन समुह को जानकारी दी कि विद्यालय में विभिन्न खेलों के मानदंडों के अनुरूप खेल मैदान का विकास किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका नमिता दास ने जीवन में खेलों के महत्व को रेखांकित किया। शिक्षिका निमिषा पटेल द्वारा राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर दिए जाने वाले पुरस्कारों के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका पटेल एवं मिहिका मित्तल ने किया। शिक्षिका सोनिया वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## विलासवाड़ा में 6 माह से बंद पड़ी पुरानी नाली, सीवर लाइन कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग




**जागरण, नर्मदापुरम।** वार्ड 3 पार्षद लीला बसंत सैनी के शिकायती पत्र के अनुसार विलासवाड़ा क्षेत्र में दिगंबर पुस्तक भंडार के पीछे सीवर लाइन कंपनी द्वारा पुरानी नाली को विगत 6 माह से अवरुद्ध किए जाने के मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर नपाध्यक्ष एवं सीएमओ को वार्ड वासियों द्वारा समस्या संबंधी ज्ञापन सौंपा गया। अजय सैनी पूर्व पार्षद ने ज्ञापन में बताया गया कि पुरानी नाली लंबे समय से बंद होने के कारण क्षेत्र में जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो रही है। बारिश के दौरान स्थिति और गंभीर होने की आशंका है, जिससे स्थानीय रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा गंदा पानी जमा होने से आसपास के क्षेत्र में असुविधा की स्थिति बनी हुई है, वार्डवासी दीपेश दिगंबर एवं फखरी मुल्ला जी ने बताया की निकासी नहीं होने के कारण पानी घरों में बैठ रहा है जिससे सीपेज की समस्या उत्पन्न हो रही है। क्षेत्रवासियों की समस्या को देखते हुए ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि सीवर लाइन कंपनी द्वारा किए गए अवरोध को तत्काल हटवाकर पुरानी नाली को सुचारू कराया जाए तथा लापरवाही के लिए संबंधित कंपनी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि नगर पालिका के संबंधित अधिकारी मौके का निरीक्षण कर समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें, ताकि वार्डवासियों को जल निकासी की समस्या से राहत मिल सके, ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अजय सैनी दीपेश दिगंबर, फाखरी मुल्लाजी, सौरभ शर्मा, तरुण शर्मा, प्रवीन शर्मा, पंकज पचौरी आदि उपस्थित थे।


**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank** | आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, अरेरा हिल्स, भोपाल, फोन नं. 0755-2550020

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:-

**ई नीलामी दिनांक : 24.09.2026** (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)

**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 23.09.2026 रात्रि 11.00 बजे तक**

| ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि | मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|
| निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे। | | |
| आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा \| प्राधिकृत अधिकारी : श्री योगेश कृष्ण सक्सेना \| फोन नं. 0755-2550020/9425013866 | | |
| **श्री विपीन दुबे एवं श्री संजय दुबे** (सांकेतिक आधिपत्य) बंधक डायवेर्टेड संपत्ति मकान वर्तमान में जाकिर हुसैन वार्ड (पुराना तिलक वार्ड), देवगांव पिपरीया, तहसील पिपरीया खसरा नं. 16/2, 17/2, 17/3, 19/2, 19/3, 18/3, 168/3, 171/1, 172/1, 173/1 का भाग, भू अभिन्यास नं. 238, कस्तुरी अपार्टमेंट, गंगाराम काबरा नगर, पह नं. 17, वार्ड नं. 157, मकान नं.19, जिला-होंशगाबाद, **क्षेत्रफल :** 540 वर्ग फिट, **सीमाऐं सेल डीड अनुसार:** पूर्व-15 फिट रोड, पश्चिम-कृषि उपज समिति की भूमी, उत्तर-40 फिट रोड, दक्षिण- रघुनाथ जी काबरा का मकान, **संपत्ति मालिक :** श्रीमती उर्मिला दुबे पत्नि श्री संजय दुबे | (₹) 35,64,000/- / (₹) 3,56,400/- | 25-01-2022 / 02-05-2022 / ₹ 7335603.75 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |

**नियम एवं शर्ते :-** 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तो का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई-निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा **दिनांक 24/09/2026 वेबसाइट https://baanknet.com** पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल **https://baanknet.com** में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए **https://baanknet.com** और **www.pnb.bank.in** पर देखें।

दिनांक: 31/08/2026, स्थान: भोपाल | सुरक्षित ऋणदाता, पंजाब नैशनल बैंक